हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 1 नवंबर 2025



# आधी रात गुंडे-बदमाशों के घर पुलिस ने दी दबिश, हिरासत में लिए गए नौ

## जिले में लगातार कॉम्बिंग गश्त के जरिये अपराधियों पर कसा जा रहा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में क्राईम कंट्रोल के लिए पुलिस ने अब रात्रि गश्त का प्रयोग शुरू किया है। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस अफसर एवं कर्मचारी एक तय इलाके में गश्त कर रहे हैं। एसपी अंकिता शर्मा के निर्देशन में विजिबल पुलिसिंग अभियान के तहत शहर में रात्रि गश्त कर असामाजिक तत्वों, गुंडा-बदमाशों, शराब तस्करों एवं वारंटियों पर नकेल कसने के उद्देश्य से विशेष कार्रवाई की गई।

इस अभियान के तहत एएसपी राहुल देव शर्मा के नेतृत्व में 3 राजपत्रित अधिकारी, 6 इंस्पेक्टर सहित लगभग 100 पुलिस जवानों की 4 टीमों का गठन किया गया। इन टीमों द्वारा थाना बसंतपुर एवं लालबाग क्षेत्र के चिन्हांकित एवं संदिग्ध इलाकों में सघन गश्त कर दबिश दी। रात्रि गश्त के दौरान पुलिस बल ने थाना बसंतपुर क्षेत्र के स्लम क्षेत्रों डबरीपारा, कुआं चौक, नंदई, चौखडियापारा, इंदिरानगर, बांसपाई पारा, सागर पारा, ब्राम्हण पारा, प्रभात नगर, बंगाली चाल, शिकारीपारा, शिवनगर एवं थाना लालबाग के पेंड्री तथा रेवाडीह में भ्रमण कर गुंडा-बदमाशों, निगरानी बदमाशों, स्थाई व गिरफ्तारी वारंटियों के घरों की जांच की।

**नौ को हिरासत में लिया :** इस दौरान कुल 59 गुंडा-बदमाश को चेक किया गया। जिसमें से 3 फरार आरोपी, 2 स्थाई वारंटी एवं 4 आदतन बदमाश को गिरफ्तार किया गया। इस प्रकार कुल 9 बदमाशों को पुलिस ने हिरासत में लिया। रात्रि गश्त से असामाजिक तत्वों में हडकंप मचा हुआ है। यह अभियान जारी रहने की जानकारी दी गई है।

थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में विशेष अभियान के तहत टीम गठित कर 31 अक्टूबर को मुखबीर की सूचना के आधार पर मोहल्ले में हो-हुल्डल करने वाले अनावेदक शंकर रजक 19 साल निवासी बांसपाईपारा, रत्नेश सिंह ठाकुर 27 साल निवासी ब्राम्हणपारा, राहुल गनवीर 19 साल नंदई चौक, साहिल कुरैशी 19 साल निवासी नंदई चौक, झंकार ताम्रकार 24 साल निवासी नंदई चौक, पृथ्वीराज 19 साल निवासी कैलाश नगर, गौरव यादव 26 साल निवासी मठपारा के विरुद्ध इस्तगाशा धारा 170, 126, 135(3) भा ना सु सं के तहत कार्रवाई कर अनावेदकों को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उपरोक्त अनावेदकों का एसडीएम न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने के पश्चात जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया। इसी तरह स्थायी वारंटी अभिषेक झा स्टेडियम चौक, विकास झा 35 वर्ष निवासी सहदेव नगर पर पुलिस ने कार्रवाई की है।



### अपराध पर कठोर कार्रवाई

विजिबल पुलिसिंग के तहत जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में संध्या एवं रात्रि गश्त नियमित रूप से करें। असामाजिक तत्वों व अपराधियों पर निगरानी रखें तथा किसी भी आपराधिक गतिविधि पर कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

- सुश्री अंकिता शर्मा, जिला पुलिस अधीक्षक

## खबर संक्षेप

### शांति भंग करने वाले पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार चौकी चिखली में प्राप्त शिकायत आवेदन पत्रों एवं पूर्व में कायम अपराध के आधार पर 30 अक्टूबर को अनावेदक द्वारा किराया नहीं देने, ना ही किराये के मकान को खाली नहीं करने के संबंध में आवेदन प्राप्त होने पर मौके पर पहुंचने पर अनावेदक द्वारा मेरे खिलाफ पुलिस में शिकायत आवेदन दिए हो कहकर लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना पर देवव्रत उर्फ शिबु 27 साल साकिन चंदननगर मोतीपुर को गिरफ्तार कर पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया।

### माए एंगल




## मौसम की मार से जिले के कई इलाकों में फसल को नुकसान

# बारिश, बीमारी ने बढ़ाई धान की लागत 35 हजार तक पहुंचा प्रति एकड़ पर खर्च

### धान की कटाई थमी, मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे हैं किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छग में एक एकड़ धान की खेती की कुल लागत औसतन 30 से 35 हजार रुपए के बीच आ सकती है। खेती से पहले इसे तैयार करने से लेकर फसल की कटाई के सभी कार्य शामिल हैं। लागत का अनुमान कुछ इस प्रकार लगाया जाता है। जैसे जुताई और खेत को तैयार करने में 2 से 3 हजार रुपए, रोपाई में करीब 20 से 25 हजार तक का खर्च आता है। सूखे की तुलना में रोपा-मताई और रोपा-बियासी में प्रति एकड़ लागत अधिक आती है। इसमें बीज, खाद, कीटनाशक, जुताई जैसी लागत शामिल है।

खेती के तरीके के अनुसार खर्च बढ़ता और कम होता है। सूखे की तुलना में रोपाई और रोपा-बियासी में प्रति एकड़ लागत अधिक आती है। धान की रोपाई और कटाई में लगने वाले श्रम की लागत भी इसमें शामिल है। फसल तैयार होने के बाद कटाई में प्रति एकड़ 2 से 3 हजार रुपए का खर्च आता है। इस प्रकार देखा जाए तो प्रति एकड़ धान की खेती में औसत रूप से लगभग 35 हजार रुपए तक खर्च आता है। अगर मौसम की मार फसल पर पड़ती है तो किसानों को कीटनाशक और खाद का अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ता है।



### कटाई और बिक्री के समय में अंतर से बढ़ता है खर्च

फसल की कटाई के बाद धान की खरीदी में करीब एक पखवाड़े से लेकर महीनेभर की देर होती है। किसान अपनी फसल की मिंजाई कर लेता है। उसके बाद धान बेचने का समय आने तक उसे धान को सुरक्षित रखने के लिए अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है। अक्टूबर माह के अंत और नवंबर माह की शुरूआत तक धान की नमी और अन्य सुरक्षा मानदंडों को जांचने के बाद खरीदी केंद्र पहुंचता है। अगर उसका धान सही समय में बिक जाता है तो उसका खर्च कम हो जाता है। अगर देर होती है तो उसे 3 से 5 हजार रुपए तक का अतिरिक्त भार आता है। अमूमन 1 से 15 नवंबर के बीच ही धान खरीदी शुरू की जाती है।

### एक एकड़ में उत्पादन

प्रदेश में अर्ली वैरायटीज से लेकर मोटा और पतला धान उगाने की प्रथा है। अर्ली वैरायटीज का धान समय से पूर्व तैयार हो जाता है। जुलाई से लेकर अक्टूबर माह के अंत तक धान की फसल तैयार हो जाती है। किसान उसके बाद कटाई और मिंजाई करते हैं। कई जिलों में धान का उत्पादन सोसायटियों में बेचने के नाम पर किया जाता है। अमूमन मोटा धान ही लगाया जाता है। किसानों को धान की फसल में एक एकड़ में औसतन 25 क्विंटल तक उत्पादन प्राप्त होता है।

### खर्च का ब्यौरा

- खेत तैयार करने में खर्च 2 से 3 हजार
- बीज, खाद, कीटनाशक और रोपाई में खर्च 25 हजार तक
- कटाई में एक एकड़ में खर्च 2 से 3 हजार
- मौसम की मार से अतिरिक्त कीटनाशक पर खर्च 3 हजार

### लागत की दोगुनी कीमत

प्रदेश सरकार किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से खरीदी करती है। किसानों को 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाता है। पंजीकृत किसानों से सोसायटी के माध्यम से धान की खरीदी और भुगतान किया जाता है। देखा जाए तो एक एकड़ में लगे धान को बेचने पर किसान को 65,100 रुपए भुगतान किया जाता है। धान बेचने के दो-तीन दिन बाद उन्हें समर्थन मूल्य पर जो दर होती है, उनके खाते में अंतरण की जाती है। अंतर की राशि बाद में अंतरण की जाती है। ऐसे में किसानों को लागत की दोगुनी कीमत मिल जाती है।

# मोपेड में 36 पौवा देशी शराब ले जाते पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मोपेड में अवैध रूप से शराब रखकर ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर 36 पौवा शराब बरामद किया है। जिसके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत 31 अक्टूबर को पुलिस को मुखबीर की सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति काले रंग के होंडा एक्टिवा में छुरिया शराब भट्टी से शराब खरीदकर 36 पाव शराब अवैध रूप से शराब का परिवहन करते चिचोला की ओर जा रहा है। सूचना पर थाना छुरिया पुलिस स्टाफ द्वारा त्वरित कार्रवाई करते फारेस्ट बेरियर के पास पहुंचकर एक्टिवा वाहन सवार संदेही को रोककर चेकिंग करने पर एक्टिवा वाहन में सामने पैरदान पर रखे थैला की तलाशी लेने पर 36 पौवा। जिसमें देशी प्लेन शोले शराब 18 पाव एवं अंग्रेजी चॉइस विस्की 18 पाव बरामद हुआ। आरोपी खूबचंद नेताम 30 साल निवासी ग्राम रानीतलाब का कृत्य आबकारी अधिनियम 34(2) का पाए जाने से 36 पौवा शराब कीमती 3,600 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त होंडा एक्टिवा को जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई।

# शराब की अवैध बिक्री, कोचियों की धरपकड़ से हड़कंप



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में अवैध रूप से शराब परिवहन करने एवं अवैध रूप से बिक्री करने के मामले में पुलिस ने धरपकड़ अभियान तेज कर दिया है। जिसके तहत अलग-अलग थाना क्षेत्रों में लगातार कार्रवाई जारी है। जिससे शराब कोचियों में हडकंप मचा हुआ है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी पुलिस के अभियान कार्रवाई के दौरान 29 अक्टूबर को आरोपी लोकेश मरावी 25 साल निवासी ग्राम तोरणकट्टा को ग्राम मनकी चौक यात्री प्रतिक्षालय के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 20 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1600 रुपए, 10 पौवा कीमती 1200 रुपए एवं बिक्री रकम 500 रुपए को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े कानों की रिशेपिंग
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
हृदय रोग विभाग
(कार्डियोलॉजी/कार्डियक सर्जरी)
• एंजियोग्राफी
• एंजियोप्लास्टी
• पेसमेकर
• बायपास सर्जरी
• वाल्व रिप्लेसमेंट
डे केयर एंजियोग्राफी डिस्चार्ज मात्र 4 घंटे में
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

# फरियाद लेकर मोहला मुख्यालय पहुंचे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



लगातार बारिश से जिले के किसानों की परेशानी अब विकराल रूप ले लिया है। धान की पैदावार में कीट प्रकोप से पहले ही कमजोर हुई फसल अब लगातार हो रही बारिश के कारण पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। खेतों में खड़ी धान की फसलें पानी में डूब गया है।

कटाई के लिए तैयार फसलें जमीन पर गिर चुकी है और कटे हुए फसल पानी में डूबकर सड़ने लगी है। आज अपना दर्द लेकर अंबागढ़ चौकी विकासखंड के सोनसायटोला के किसान मोहला मुख्यालय पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपा है।

ग्रामवासियों ने इस गंभीर स्थिति को लेकर अनुविभागीय अधिकारी मोहला-अंबागढ़ चौकी को आवेदन सौंपा है। किसानों का कहना है कि 25 अक्टूबर से जारी भारी बारिश ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया है। फसल खराब होने के कारण गांव के अधिकतर किसान भारी आर्थिक संकट और कर्ज के बोझ में दब गए हैं। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव में फसल का सर्वेक्षण करवाकर उचित मुआवजा और राहत राशि दी जाए, ताकि वे अपने नुकसान की भरपाई कर सके और अगली फसल की तैयारी कर सकें। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया है। जिससे धान के दाने सड़ने लगे हैं। फसल बेचने योग्य भी नहीं रही। कई किसानों ने बैंकों से कर्ज लेकर खेती किए हुए हैं, जो अब उनकी चिंता का बड़ा कारण बन गया है। लगातार हो रही बारिश ने न सिर्फ खेतों को, बल्कि किसानों की उम्मीदों को भी भिगो दिया है। कर्ज में डूबे किसान अब शासन-प्रशासन से राहत की उम्मीद लगाए बैठे हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस संकटग्रस्त हालात में कितनी जल्दी किसानों की मदद के लिए कदम उठाता है।

# उदयाचल ने तोड़ी उद्यान की दीवाल, पनपा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के बीच उदयाचल संस्था द्वारा वार्ड नंबर 37 में बने सार्वजनिक गार्डन को क्षति पहुंचाने और गार्डन पर कब्जा करने की तैयारी के मामले में वार्ड के लोगों ने आज आक्रोश जताते संस्था के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

शहर की उदयाचल संस्था द्वारा लगातार कब्जा कर अपने भवन क्षेत्र को बढ़ाए जाने की शिकायत लंबे समय से वार्ड के लोग कर रहे हैं। हाल ही में उदयाचल संस्था द्वारा भवन निर्माण कराया जा रहा है। इस भवन से लगा हुआ नगर निगम का एक सार्वजनिक गार्डन भी है, जो भवन निर्माण के चलते काफी क्षतिग्रस्त हो गया है। यहां नगर निगम द्वारा बनाई गई सीमेंटेड कुर्सियां भवन निर्माण के चलते क्षतिग्रस्त हो गई है। वहीं गार्डन में लगे वृक्षों को भी काट दिया गया है। अब गार्डन से लगे बाउंड्रीवॉल को तोड़कर यहां गेट लगाने की तैयारी है। जिसको देखते हुए वार्ड के नागरिकों ने आज गार्डन परिसर में पहुंचकर उदयाचल संस्था के खिलाफ जमकर आक्रोश जताया और गार्डन में कब्जा करने की तैयारी का आरोप लगाते संस्था के खिलाफ कार्रवाई करने मांग की।



### कब्जे का आरोप

लोगों ने कहा कि उदयाचल संस्था परिसर में वार्ड के लोगों के लिए सामुदायिक भवन निर्माण भी किया गया था, जिस पर भी संस्था ने कब्जा कर लिया है। इस भवन का लाभ वार्ड के आम लोगों को नहीं मिलता है। वही हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक सुशील लड्ढा ने कहा कि उदयाचल संस्था द्वारा पहले भी हाट बाजार क्षेत्र में पानी टंकी बनाकर उस जगह पर भी कब्जा कर घेर लिया गया है।

### खेल मैदान में भवन निर्माण कर व्यवसायीकरण

वार्ड के नागरिक बिसेन अग्रवाल और अन्य लोगों ने कहा कि गार्डन वार्ड के लोगों के लिए नगर निगम द्वारा बनाया गया है। उदयाचल द्वारा किए गए निर्माण कार्य की वजह से गार्डन क्षतिग्रस्त हो गया है। यहां पेड़ काट दिया गया है और बाउंड्रीवॉल तोड़कर गार्डन में कब्जा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उदयाचल संस्था ने जिस मैदान को बंद कर अपने कब्जे में ले लिया है, वह मैदान भी खेल ग्राउंड के लिए दिया गया था। बाद में उदयाचल संस्था ने यहां भवन निर्माण कर इसका व्यवसायीकरण कर दिया।

### हरिभूमि माह अक्टूबर 2025 का मासिक बिल

| दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 29 दिन | 5.00 | 145.00 |
| | कुल | 145.00 |

हरिभूमि के सुधि पाठक अक्टूबर 2025 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।

व्यवस्थापक

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 11 मई, 14 मई, 18 मई, 21 मई, 25 मई, 28 मई, 01 जून, 04 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 30,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93408-38884
ज्योतिर्लिंग
16 दिसंबर 2025
11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, एलोरा गुफा, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/- ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

Navkar Hospital & Research Centre
आपका स्वास्थ्य, हमारा लक्ष्य
नवकार हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर
हड्डी रोग संबंधित समस्याएं
आर्थराईटिस ईत्यादि
मासपेशी में दर्द
घुटने व कुल्हे का जोड़ प्रत्यारोपण
डिफमिटी करेक्शन
गठियावात, कुल्हा, कोहनी
आदि अंगो पर दर्द लम्बे समय से न जुड़ने वाली फेक्चर का ईलाज
डॉ. पवन शॉ
जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन एवं आर्थोस्कोपिक सर्जन
Emergency Contact no 9109953511
B 27-05, MLA रेस्ट हाउस के पास, रिंग रोड नंबर 1, टैगोर नगर, रायपुर
0771-3588295, 4054375


BAJAJ FINSERV
0 डाऊन पेमेंट पर
फाईनेंस सुविधा
LG
लगातार 36 सालों से आपकी सेवा में
हमारे यहां सोफा, एल लक्जरी सोफा,
आलमारी, कुलर ईत्यादी आर्डर
पर बनाया जाता है
इलेक्ट्रानिक्स
& फर्निचर्स
का अनुपम संग्रह
LED TV
में 3 वर्ष की
वारंटी
LLOYD
LG Nilkamal SAMSUNG Haier HAVELLS VOLTAS Whirlpool DAIKIN SI
आशीष स्टोर्स
इलेक्ट्रानिक्स & फर्निचर्स
दिगम्बर जैन मंदिर के पास, दीवान बाड़ा, खैरागढ़
आपका विश्वास हमारी पूंजी, आपकी सेवा हमारा सौभाग्य
मो.- 8349051715
9009351715


खैरागढ़ की सबसे विश्वसनीय दुकान || विश्वास एवं शुद्धता का प्रतीक
jj
बबलू सेठ की दुकान
जिनेन्द्र ज्वेलर्स एवं
जिनेन्द्र क्लॉथ स्टोर्स
सोने चांदी के आभूषणों एवं सभी प्रकार के कपड़ों के विक्रेता
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है।
सर्टिफाईड
राशि रत्न उपलब्ध
प्रो. चमन डाकलिया
पता- गुजराती हॉटल के सामने, दीवान बाड़ा, खैरागढ़
मो. 81094-71006, 94255-63224

## खबर संक्षेप

### जिले की बेटियों ने नेशनल कराटे में जीता पदक



**मोहला।** फोनिक्स शितोरियो कराटे संगठन इंडिया के तत्वावधान में संयुक्त भारत ओपन राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन दुर्ग में किया गया था। स्पर्धा में जिले की चार बेटियों ने विभिन्न वर्ग में पदक जीतकर नाम रोशन किया है। मानपुर विकासखंड की सावित्री धुर्वे ने स्पर्धा में स्वर्ण पदक, ज्ञानेश्वरी पोटाई मिचगांव ने रजत पदक, मोहला विकासखंड की अरुणा जाड़े तथा गौरी हारमें पाटनवाडवी ने कांस्य पदक जीतकर गौरव बढ़ाया है। उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के लिए विधायक इंद्रशाह मंडावी ने प्रतिभागियों को बधाई दी है। यह जानकारी देवानंद कौशिक ने दिया।

### सेहत के लिए सजग हुए लोग

**डोंगरगढ़।** मां बम्लेश्वरी मंदिर परिसर में वर्ष 2009 से नियमित योग कक्षा का निरंतर संचालन किया जा रहा है। इस कक्षा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में नगरवासी एकत्र होकर योग, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास करते हैं। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में साधक भुजंगासन, वज्रासन, कपालभाति, अनुलोम विलोम प्राणायाम आदि आसनों का अभ्यास करते हैं। नियमित योगाभ्यास के कारण प्रतिभागियों में स्वास्थ्य के प्रति सजगता बढ़ी है और यह कक्षा अब बुजुर्गों एवं युवाओं के लिए प्रेरणा का केंद्र बन गई है। हर सुबह गूंजता ओम का उच्चारण और सामूहिक साधना से यह स्थल अब स्वास्थ्य साधना केंद्र के रूप में पहचान बना चुका है। यहां शिक्षक ऐडे के अलावा हेमंत साहू, विश्वनाथ यादव, मंथीरदास साहू, श्रीनिवास जनबंधु, श्याम तिवारी आदि नियमित सेवा दे रहे हैं।

### दिवाली मिलन और परिचय सम्मेलन दो को

**डोंगरगढ़।** श्री राधा कृष्ण मंदिर बुधवारी पारा में आगामी 2 नवम्बर को नगर यादव समाज ने दिवाली मिलन एवं परिचय सम्मेलन का आयोजन रखा है। इस सम्मेलन में नगर के समस्त यादव बंधु अपने विवाह योग्य पुत्र-पुत्रियों के साथ उपस्थित होंगे। सम्मेलन में पंजीयन कर युवाओं का परिचय प्रांतीय व्हाट्सएप समूह एवं विवाहिक शाखा पत्रिका में प्रकाशित किया जाएगा।

### निर्धारित मियाद में नहीं बनी सड़क

**डोंगरगढ़।** लोक निर्माण विभाग की सुस्त कार्यप्रणाली और अधिकारियों की लापरवाही से जिस सड़क को आठ माह में बनाना था अब तक नहीं बन सकी है। जानकारी के अनुसार मोहारा से मुसरा मार्ग 5.2 किमी लंबी सड़क निर्माण के लिए विभाग और ठेकेदार के बीच अनुबंध 23 अक्टूबर को हुआ था। अनुबंध के मुताबिक सड़क का निर्माण 8 माह में करना था किन्तु यह सडक अब तक पूर्ण नहीं हुई है। यह कार्य लगभग एक साल से अधिक समय से लंबित हे। सड़क के निर्माण में हो रहे विलंब से जन मानस को आवागमन में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग की है। पूर्व विधायक रामजी भारती ने कहा है कि मोहारा- मुसरा सड़क निर्माण में गड़बड़ी को लेकर ग्रामीणों ने शिकायत की है। इस मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए।

### छात्रों ने ली एकता और अखंडता की शपथ

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजुना ठाकुर के निर्देशन में शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण किया गया। शपथ के बाद राष्ट्रीय एकता दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य की अध्यक्षता में निबंध प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इस दौरान छात्रों ने अलग अलग संप्रदायों की वेशभूषा और भाषा के माध्यम से राष्ट्रीय एकता और भाईचारे का अंगूठा प्रदर्शन किया। महाविद्यालय की छात्रा भावना, टिकेश्वरी ठाकुर, मोनिका और तनु ने अपने संबोधन में एकता का संदेश दिया। रसायन विभागाध्यक्ष कंचन साहू ने बताया कि एकता की भावना परिवार से आती है। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष चांदनी पराते ने सरदार पटेल के विचारों को आत्मसात करने प्रेरित किया। प्राचार्य ने बताया कि किस प्रकार स्वतंत्रता के पाश्चात्य अलग अलग रियायतों को एक सूत्र में बांधकर सरदार पटेल ने अखंड भारत की नींव रखीं साथ ही उन्हें सरदार नाम से संबोधित करने के कारण से भी अवगत कराया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ संजू सिंह एवं संचालक शुभि जैन थी।

### मोदी की सभा में शामिल होंगे कार्यकर्ता

**छुरिया।** राज्योत्सव में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष सचिनसिंह बघेल, सह प्रभारी रामकुमार गुप्ता ने यहां पहुंचकर मंडल भाजपा की बैठक लिया। बैठक की शुरुवात पं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। स्वागत के बाद श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की देन है। उन्होंने तीन करोड़ लोगों की कल्पना को साकार किया था। राज्य गठन के रजत जयंती समारोह में प्रधानमंत्री का आना गौरव की बात है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया। बैठक को जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, मंडल अध्यक्ष कांता प्रसाद साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर शेखर भारतद्वाज, अशोक मरकाम, नैनसिंह पटेल,हितेश गुप्ता,नकुल नेताम,नूतन साहू, भानबाई मंडावी,उत्तरा निषाद, राधिका चंद्रवंशी,शकुन बदोले, रोहित सिन्हा, भारती रजक, सलूजा कोमरे, अशोक सेन, देवानंद सहारे, स्वप्निल पटेल आदि मौजूद थे।

### सोयाबीन और धान की फसल हुई पूरी तरह बर्बाद

# बेमौसम बारिश में फसल बर्बाद, संकट में आए किसान, उठी मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

शुक्रवार को बारिश पर ब्रेक लगते ही कृषक खेतों की ओर रूख करते नजर आए। कभी खेतों में लहलहाती फसलों को देखकर प्रसन्न होने वाले किसान मौसम की मार के बाद बर्बादी के मंजर को देखकर चिंता में डूब गए। खेतों में धान की फसल गिर कर पानी में डूबी नजर आई। कुछ किसान कट चुकी फसल को सूखाते नजर आए। वहीं कुछ खेत से पानी को निकालने जुटे रहे।

ग्राम के बसंत जंघेल ने बताया कि दो हेक्टेयर की फसल बरसाती पानी में डूब कर बर्बाद हो गई है। कटाई के समय बारिश होने से फसल को ज्यादा नुकसान हुआ है। विष्णुराम ने बताया कि बेमौसम बारिश में फसल तबाह हो गई है। उन्होंने इस आशय की सूचना बीमा कंपनी के टोल फ्री नम्बर पर दे दिया है। हरूना धान की कटाई के समय लगभग सप्ताह भर तक हुई बारिश ने किसानों को चिंता में डाल दिया है। बारिश में पहले ही सोयाबीन फसल बर्बाद हो चुकी है और अब धान की फसल चौपट होने से कृषक आर्थिक संकट में घिरते नजर आ रहे हैं।



#### आर्थिक सहायता जरूरी

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार फसल की स्थिति को देखते हुए किसानों से अपील किया है कि विभागीय फसल कटाई प्रयोग के समय उपस्थित रहें। जिला एवं बीमा कम्पनी द्वारा होने वाले सर्वे एवं जांच में अनिवार्य रूप से शामिल हो। उन्होने कहा कि मांहू के प्रकोप तथा बेमौसम बारिश से धान की फसल को काफी क्षति पहुंचाया है जिससे किसानों को आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

#### सर्वे और मुआवजा की मांग

सोयाबीन के बाद धान की फसल तबाह होने से किसानों को दोहरी मार पड़ी है। कर्ज लेकर फसल उत्पादन कर रहे किसानों को अब कर्ज चुकाने की चिंता सताने लगी है। सड़क अतरिया, कुकुरमुडा, चकनार, खैरा नवापारा, बेलगांव, संड़ी, पंडरिया, बुन्देली, भरदा, विचारपुर, जीराटोला, मानपुर सहित अन्य गांव के किसान फसल का सर्वे कर क्षतिपूर्ति एवं बीमा क्लेम की मांग कर रहे हैं।

### जनपद अध्यक्ष ने देखा मौसम की मार

**छुरिया।** जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने गत दिनों विभिन्न गांवों के खेतों में जाकर बारिश से फसल को हुए नुकसान का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि दिवाली के बाद हरूना और माई धान की कटाई शुरू हो गई थी। इसी बीच बारिश होने से धान मे अंकुरण होने लगा और खेतों में पानी भरने से फसल के सड़ने की आशंका बढ़ गई है। बारिश होने के बाद अंचल के किसान प्राकृतिक आपदा की चपेट में आ गए हैं। किसान इन दिनों काफी चिंतित हैं। जनपद अध्यक्ष श्री सिन्हा ने कृषि विभाग के अधिकारियों को बीमा कंपनी के साथ मिलकर फसल क्षति का आंकलन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने भोलापुर के भागचंद धृतलहरे के खेत का मुआयना किया था। इस दौरान भाजपा नेता चंद्रिका डडसेना, छुरिया मंडल अध्यक्ष कांता प्रसाद साहू, हितेश गुप्ता, हुमन ठाकुर, टीकम पांडे मौजूद थे।



# उतरा सांसारिक चोला, डोंगरगांव की भाविका बनी सती भक्ति श्री जी

- गढ़ सिवाना में ग्रहण किया जैनेश्वरी दीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

सांसारिक चोला उतार कर नगर की भाविका बोहरा ने राजस्थान के गढ़ सिवाना में संपन्न भव्य समारोह में शुक्रवार को जैनेश्वरी दीक्षा ग्रहण किया। उसे नया नाम महासती भक्ति श्री जी मिला है। उसके साथ रतलाम के चन्द्रा मूणत ने भी संयम की राह पर चलने का निर्णय लेते हुए दीक्षा अंगीकार किया।



नगर के प्रतिष्ठित और धर्मनिष्ठ अमरचंद- किशोर बोहरा की ज्येष्ठ पुत्री भाविका बोहरा ने करीब चार साल तक वैराग्य काल बिताने के बाद दीक्षा ग्रहण करने का संकल्प लिया था।

वैराग्य की ओर कदम बढ़ाने संकल्पित भाविका के भावो को देखते हुए दादा अमरचंद, पिता किशोर बोहरा और मां श्रद्धा बोहरा ने पूज्य ज्ञान गच्छाधिपति प्रकाश म सा को आज्ञापत्र सौंपा था। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को राजस्थान के गढ़ सिवाना में आयोजित समारोह में नगर की भाविका बोहरा और रतलाम के चन्द्रा मूणत ने पूज्य गुरूदेव 1008 श्री प्रकाशचन्द्र म सा के मुखारबिंद से जैनेश्वरी दीक्षा ग्रहण किया। इस आयोजन के बड़ी संख्या में सामाजिक और पारिवारिकजन साक्षी बने।

# कुरूभांठ में सोसायटी गठन के प्रस्ताव का विरोध शुरू

### ग्रामीण राका या बधियाटोला में सोसायटी बनाने के पक्ष में

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

कुरुभांठ में प्रस्तावित सोसायटी का विरोध शुरू हो गया है। बधियाटोला, रामनगर, छिरपानी सहित राका के किसानों ने विरोध करते हुए नवीन पुनर्गठन के प्रस्ताव पर आपत्ति व्यक्त किया है। ग्रामीणों ने बधियाटोला या ग्राम राका में नवीन सोसायटी गठन करने की मांग रखा है।

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, पार्षद मेनका कंडरा, राजा सेन, भूपेंद्र मरकाम की अनुशंसा पत्र सहित ग्राम पंचायत राका में संपन्न बैठक में लिए गए निर्णय की कॉपी सहकारिता विभाग, उप आयुक्त सहकारिता राजनांदगांव को भेजा गया है। बधियाटोला के दशरथ ठाकुर, खोरबाहराम सिन्हा, आशाराम सिन्हा, हुमनलाल सिन्हा, शत्रुघन सिन्हा, मनोज सिन्हा, खोमलाल, सेवकराम साहू, शत्रुघन पटेल, शंकर कंवर, घनश्याम सिन्हा, मंजू कंवर, मदन साहू, हेमलता सिन्हा, गणेश, चुन्नीलाल सिन्हा, शोभाराम सिन्हा, अश्वनी साहू अनिल साहू, गीताबाई, राजकुमार सिन्हा, बिन्दु बाई, राका के सरपंच प्रदीप चंद्रवंशी, योगेश्वर नेताम, मनीषा पटेल, रामकली ठाकुर, रघुनाथ कंवर, आशाराम चंद्रवंशी, संतोषी पटेल, जयंतीबाई ठाकुर, राकेश पटेल, ललिताबाई सेन, उमाबाई, पुनाराम पटेल, सोहदरा बाई, उधो पटेल, दुखिया पटेल आदि ने कुरुभांठ में नवीन सोसायटी धान खरीदी केंद्र खोलने का विरोध किया है। उन्होंने बधियाटोला या राका में सोसायटी खोलने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि किसानों के लिए बधियाटोला या ग्राम राका सुविधाजनक है एवं धान खरीदी के लिए पर्याप्त स्थान है।

# पोस्टर प्रतियोगिता में भारती रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशन में 30 अक्टूबर को डॉ होमी जहांगीर भाभा दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में भौतिकशास्त्र विभाग ने पोस्टर प्रतियोगिता और सामूहिक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। पोस्टर प्रतियोगिता में बीएससी अंतिम वर्ष की भारती ने प्रथम, योगेश ने द्वितीय और बीकाम प्रथम की रविना बघेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार सामूहिक क्विज प्रतियोगिता में प्रथम दुर्गा, खोमलता, जितेंद्र, प्रिया निषाद, द्वितीय स्थान पर गणेश्वरी, मनीषा, लक्ष्मी और गीतांजलि रही। कार्यक्रम का संचालन अतिथि व्याख्याता शुभि जैन ने किया। इस दौरान बीएससी अंतिम के दुकेश्वर साहू ने डॉ होमी भाभा का देश के विकास में योगदानों को रेखांकित किया। अतिथि व्याख्याता कंचन साहू ने उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण और परमाणु कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम समन्वयक चंद्रकांत कुंभकार ने भौतिकी के दैनिक जीवन में महत्व को समझाया। प्राचार्य ने भौतिकी के प्रति निष्ठा, समर्पण और उनके उल्लेखनीय कार्यों को व्यक्त किया। इस दौरान अतिथि व्याख्याता डॉ.संजू सिंह, डॉ काव्या जैन, डॉ. हेमलता विरदी, हिमानी साहू, चांदनी पराते, योगिता ठाकुर, हरवंश चौरगे, ज्ञानेश्वर देवांगन, ओमप्रकाश सहारे, माधुरी उपस्थित थे।



### लाल बहादुर नगर की जाली दुकान में चोरी

**डोंगरगढ़।** लाल बहादुर नगर में हुई चोंरी की वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार लाल बहादुर नगर की श्री राम जाली दुकान का ताला तोड़कर करीब 1500 रूपए पार कर दिया गया है। घटना को अंजाम देने के पहले आरोपी को सीसीटीवी कैमरे की दिशा का मुआयना करने की तस्वीर सामने आई है। सीसीटीवी में चोर का चेहरा स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मुआयना करने के साथ जांच शुरू कर दिया है।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202509092200023**
**विषयः- ब-121 सनः- 2024-2025**
**मामले की श्रेणी :- राजस्व**
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार आयुषी राजपूत.
अनावेदक पक्षकार -

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आयुषी राजपूत आ. अशोक ठाकुर जाति राजपूत सा. वार्ड नम्बर 16 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के भतीजी आव्या सिंह राजपूत आ. सागर सिंह राजपूत का जन्म दिनांक 23.08.2023 को डोंगरगढ़ में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। मो. 7724084420

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 12.11.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28.10.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

**Neelkanth Janbandhu**
**तहसीलदार**
**तहसील - डोंगरगढ़**

**समक्ष न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी, डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग**

**// ज्ञापन //**

व्यवहारवाद अ प्र.क्र. 20अ/2025 श्रवण तिथि 17/11/2025
प्रोसेस नम्बर- 473/25
मुकेश देवांगन आवेदक/वादी

**//विरूद्ध//**

छ.ग. शासन वगैरह अनावेदक/प्रतिवादी

**बनाम आम जनता, जिस किसी का हित हो**

वादी के द्वारा छ.ग. शासन वगैरह के विरूद्ध इस न्यायालय में व्यवहारवाद वास्ते मृत्यु की उद्घोषणा कराये जाने बाबत पेश किया गया है। वादी मुकेश देवांगन आ. उमेंद देवांगन उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम नवागांव मेढ़ा तह. डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. के पिता उमेंद देवांगन वर्ष 1992 से लापता है तथा आज दिनांक तक वापस नहीं आए है। वादी अपने पिता उमेंद देवांगन की सिविल डेथ घोषित करवाना चाहता है।

अतः आपत्ति ईश्तहार का प्रकाशन किया जा रहा है, तथा अपेक्षा की जा रही है कि जिस किसी को आपत्ति हो, न्यायालय में पेशी दिनांक 17/11/2025 को प्रातः 11:00 बजे वाद का उत्तर देने के लिए, इस न्यायालय में स्वंय या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा हाजिर हो सकते है जिन्हे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस दावे संबंधित सारवान तथ्यों का उत्तर दे सके, या जिसके साथ कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नों का उत्तर दे सके, आपको यह भी निर्देश दिया है कि आप उस दिन सभी दस्तावेजो को पेश करे जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

आपको सूचित किया जाता है कि आप अथवा आपका प्लीडर उपर बताई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका अवधारण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा, यदि किसी कारणवश उक्त पेशी तारीख को सार्वजानिक अवकाश घोषित किया जाता है या यदि किसी कारणवश कार्य स्थगित किया जाता है तो अगले कार्यदिवस पर प्रकरण की सुनवाई की जावेगी।

अत. आज तारिख 28/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर

**प्रीति नागवंशी**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

### सूची से हटेंगे अपात्रों के नाम

# वोटर लिस्ट पुनरीक्षण कार्यक्रम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दूसरे चरण की घोषणा कर दिया है। क्षेत्र की मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण किया जायेगा। इस संबंध में जिला कार्यालय में कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर निर्धारित कार्यक्रम की तिथि वार जानकारी दी।

बैठक में कलेक्टर ने मुद्रण, प्रशिक्षण, घर-घर जाकर गणना चरण, ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन, दावे और आपत्ति अवधि, सूचना चरण सुनवाई और सत्यापन अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुद्रण, प्रशिक्षण हेतु 28 अक्टूबर से 3 नवंबर घर-घर जाकर गणना चरण हेतु 4 नवंबर से 4 दिसंबर, ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसंबर, दावे और आपत्ति अवधि 9 दिसंबर से 8 जनवरी, सूचना चरण सुनवाई और सत्यापन 9 दिसंबर से 31 जनवरी, अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी को होगा।



**विधानसभा क्षेत्र में मतदाता**

मोहला-मानपुर एवं आंशिक खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 23 हजार 417 हैं। जिसमें मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र में 85 हजार 34 पुरुष एवं 88 हजार 967 महिला मतदाता है। इसी प्रकार आंशिक खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के 24 हजार 152 पुरुष एवं 25 हजार 264 महिला मतदाता शामिल हैं।

#### जोड़ा और हटाया जाएगा नाम

बैठक में कलेक्टर ने जानकारी दी की विशेष गहन पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक योग्य नागरिक को मतदाता सूची से जोड़ना तथा अयोग्य व्यक्ति को मतदाता सूची से हटाना है। मतदाता के रूप में पंजीयन के लिए व्यक्ति का नागरिक होना अनिवार्य है उसकी उम्र 18 साल होना चाहिए। उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्रों में बूथ लेवल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। बैठक में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सहित अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, एसडीएम मोहला हेमेंद्र भूआर्य, एसडीएम अमित नाथ योगी सहित अन्य उपस्थित थे।

# माइंस में लोकल युवाओं की उपेक्षा

**खडगांव।** क्षेत्र में दो बड़ी माइंस चल रही है जहां अरबों रुपए का काम हो रहे हैं। बड़ी गाड़ियों को काम मिलने से मालिकों की कमाई हो रही है। वहीं कुछ लोगों को रोजगार मिलने से उनका भी भरण पोषण हो रहा है लेकिन खडगांव वासियों के साथ सौतेला व्यवहार करते हुए लोगों को रोजगार नहीं दिया गया है। क्षेत्र के हजारों युवक बेरोजगार घूम रहे हैं। रोजगार नहीं मिलने से युवक पलायन करने मजबूर हैं तो कुछ नशे पान करने पर मजबूर है। क्षेत्र में दो माइंस होने के बाद भी युवकों का बेरोजगार होना शर्मनाक है। उल्लेखनीय है कि माइंस या उद्योग खुलने पर लोकल लोगों को प्राथमिकता दिया जाता है किन्तु खडगांव में ऐसा क्यों नहीं हो रहा है। क्षेत्र के नवयुवकों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। अपनी उपेक्षा होने से युवाओं में गहरी नाराजगी पनप रही है जो कभी आक्रोश में बदल सकती है।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### कलेक्टर ने दिलाई सत्यनिष्ठा की शपथ



**राजनांदगांव।** भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस तथा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट के अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता एवं सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। अधिकारी-कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ ली। सभी ने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने अपना योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### खैरबना में छात्राओं को साइकिल वितरित



**सड़क अतरिया।** शासकीय हाईस्कूल खैरबना में शुक्रवार को जनपद सभापति डोमार सिंह भेड़िया के मुख्य आतिथ्य में सरस्वती साइकिल योजना के तहत छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। इस मौके पर डोमार सिंह ने कहा कि वनांचल की छात्राओं को स्कूल आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। अब साइकिल पाकर छात्र समय पर स्कूल पहुंच पाएंगी। श्रीसिंह ने स्कूल में अध्यापन व्यवस्था का निरीक्षण कर व्याप्त परेशानी से अवगत होकर दूर करने का आश्वासन दिया है। कार्यक्रम में डिलेश्वर अचिंत, धनशाय साहू आदि उपस्थित रहे।

### समाज विरोधी टिप्पणी पर हो कार्रवाई

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय अग्रहरि वैश्य समाज के राष्ट्रीय मंत्री व जिला भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी राजेश गुप्ता अग्रहरि ने कहा कि



छत्तीसगढ़ जोहार पार्टी (क्रांति सेना) के अध्यक्ष अमित बघेल शुरू से ही सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति के खिलाफ रहे हैं और हिंदू धर्म के देवी-देवताओं व महापुरुषों के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी करते आ रहे हैं। श्री अग्रहरि ने कहा कि इस बार फिर से अमित बघेल द्वारा अग्रहरि समाज, अग्रवाल समाज सहित सिंधी समाज के महापुरुषों व देव तुल्य लोगों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है। ऐसे धर्म विरोधी मानसिकता वाले समाज विरोधी तत्व के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

### आश्रितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों एवं उनके आश्रितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके तहत डोंगरगढ़ तहसील में अतिवृष्टि से 11 मकान आंशिक क्षति होने पर 44 हजार रुपए, अतिवृष्टि से एक मकान पूर्णतः क्षति होने पर 1 लाख 20 हजार रुपए, अतिवृष्टि से एक कपड़ा-बर्तन क्षति होने पर 2500 रुपए, सर्पदंश से एक गाय की मृत्यु होने पर 37 हजार 500 रुपए, तालाब के पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए, डेम के पानी में डूबने से जनहानि होने पर 4 लाख रुपए, आग से दो मकान पूर्णतः क्षति होने पर 2 लाख 40 हजार रुपए, अतिवृष्टि से एक पक्का मकान आंशिक क्षति होने पर 6500 रुपए, अतिवृष्टि से कपड़ा-बर्तन क्षति होने पर 9 हजार रुपए तथा राजनांदगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से एक मकान पूर्णतः क्षति होने पर 1 लाख 20 हजार रुपए, तालाब के पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए की सहायता अनुदान राशि आपदा प्रभावितों एवं उनके आश्रितों को की गई है।

### मकरनपुर में 2 को मेला महोत्सव

**राजनांदगांव।** ग्राम मकरनपुर सुकुलदैहान में इस वर्ष भी 2 नवंबर को महान शक्ति अन्नपूर्णा माता मेला महोत्सव ग्रामवासियों की सहभागिता से आयोजित किया जा रहा है। मेला में तरह-तरह दुकानें उपलब्ध रहेगी। मेला आयोजन को सफल बनाने में अन्नपूर्णा माता की सेविका कुंतीबाई चौहान, लेखू सिन्हा, दयाल अग्रवाल, गेंदु लाल, पवन सिन्हा लगे हुए हैं। उपरोक्त जानकारी लेखू सिन्हा ने दी।

### सरदार पटेल की जयंती पर ली एकता की शपथ



**गंडई पंडरिया।** गंडई नगर में लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। पटेल को स्मरण करते हुए व्यापक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और देश के प्रति प्रतिबद्धता से प्रेरणा लेना था। राष्ट्रीय एकता दिवस के कार्यक्रमों की शुरुआत सुबह 8 बजकर 30 मिनट पर लाल मूरत सिंह खुशरो हाई स्कूल परिसर से हुई। नगर के जनप्रतिनिधियों, पुलिस विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों, तथा नौवीं से बारहवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने मिलकर स्कूल परिसर में राष्ट्रीय एकता की शपथ ली, जिसके बाद सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया। यह जनजागरूकता रैली स्कूल से शुरू होकर तिरंगा चौक होते हुए वापस स्कूल परिसर में समाप्त हुई। इस दौरान बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ सरदार पटेल की जय के जयकारे लगाए और विभिन्न एकता संबंधी नारे लगाते रहे, जिससे पूरा नगर एकता के रंग में रंग गया। सद्भावना दौड़ के अलावा, युवा पीढ़ी को सरदार पटेल के योगदान से परिचित कराने के उद्देश्य से स्कूल में निबंध लेखन, वाद-विवाद प्रतियोगिता, चित्रकला, संगोष्ठी और व्याख्यान जैसे विभिन्न शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो सहित पार्षदगण, एसडीओपी मानक राम कश्यप, थाना प्रभारी राजेश देवदास एवं थाना स्टाफ, शिक्षक-शिक्षिकाएं और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## निधन



### दिनेशचंद्र अग्रहरि

**राजनांदगांव।** नंदई चौक निवासी दिनेशचंद्र अग्रहरि का शुक्रवार दोपहर 3 बजे देवलोक गमन हो गया है। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रह थे। उनका निधन परिवार के साथ ही अग्रहरि समाज की अपूरणीय क्षति है। वह अग्रहरि युवा संगठन के पूर्व अध्यक्ष बृजेश अग्रहरि के पिता थे। उनके निधन पर अग्रहरि समाज ने शोक व्यक्त किया है।

### तहसील में लगाई जनहित में भूमि मुक्त कराने की गुहार

# गांव के हक के लिए लामबंद हुए जीराटोला के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



ग्राम जीराटोला के सैकड़ों ग्रामीण गुरुवार को झमाझम बारिश के बावजूद अपनी गंभीर समस्या लेकर तहसील कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने तहसीलदार नेहा ध्रुव से मिलकर गांव के विकास कार्यों और सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर एक ही परिवार के आधा दर्जन लोगों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को तुरंत हटाने की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि यह अतिक्रमण गांव के विकास में बड़ा रोड़ा बन चुका है और इसके कारण विवाद की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों ने तहसीलदार को बताया कि गांव में दो प्रमुख सार्वजनिक कार्य अतिक्रमण के कारण बाधित हो रहे हैं जिसमें

नाली निर्माण जिला पंचायत निधि से करीब 2 लाख की लागत से नाली निर्माण स्वीकृत हुआ है। उक्त स्थल पर सुशीला और अशोक द्वारा दीवाल बनाकर अतिक्रमण किया गया है। गांव के समाजजनों ने चंदा इकट्ठा कर वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की मूर्ति स्थापना की तैयारी की है। मूर्ति स्थापना स्थल पर, जनक, सुकालू, दुर्गा और दूजे ने कटीले तार लगाकर अवैध घेरा बना लिया है।

ग्रामीणों का कहना है कि दोनों ही जगह सरकारी हैं, लेकिन अतिक्रमणकारी इन्हें खाली करने को तैयार नहीं हैं और लगातार वाद-विवाद कर रहे हैं।

#### कार्रवाई की जाएगी

ग्राम जीराटोला के ग्रामीणों ने सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने की मांग की है। इस संबंध में तत्काल जांच कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर, क़ानून के अनुसार, उचित और आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

**- नेहा ध्रुव,** तहसीलदार

#### ग्राम सभा का प्रस्ताव, फिर भी नहीं हटा अतिक्रमण

सरपंच कांति केशलाल मंडावी ने बताया कि ग्राम पंचायत ने इस समस्या को गंभीरता से लिया है। नाली निर्माण और मूर्ति स्थापना की सरकारी जगह पर एक ही परिवार के लोगों ने अवैध कब्जा किया है। ग्राम सभा की बैठक में सर्वसम्मति से अतिक्रमण हटाने का प्रस्ताव पास किया गया है, जिसके बाद संबंधितों को समझाइश भी दी गई, लेकिन उन्होंने अतिक्रमण नहीं हटाया। इसी कारण सैकड़ों ग्रामीणों के साथ मिलकर हमनें तहसीलदार के समक्ष अपनी समस्या को प्रमुखता से रखा है। शिकायतकर्ताओं में सरपंच कांति केशलाल मंडावी, उप सरपंच उर्मिला खुसरो, पंच सुनीता बाई पटेल, सुमित्रा साहू सहित कृतलाल वर्मा, रमेश यादव, कमलाबाई पटेल, धनराज पटेल और सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नशा मुक्ति और साइबर सुरक्षा पर दिया गया संदेश

### रन फार यूनिटी के लिए लगाई दौड़



**छुईखदान।** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वीं जयंती पर आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रन फार यूनिटी का कार्यक्रम पुलिस थाना छुईखदान के नेतृत्व में आयोजन किया गया। इस अवसर पर छुईखदान द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा, नशा मुक्ति एवं साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूकता संदेश दिए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अनुविभागीय अधिकारी अविनाश सिंह ठाकुर ने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने में योगदान दें। जब तक हम सब एकजुट रहेंगे, तभी हमारा शहर, जिला और प्रदेश सुरक्षित रह सकता है। पुलिस थाना प्रभारी निरीक्षक शक्ति सिंह ने साइबर सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि अगर किसी के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी या संदिग्ध गतिविधि होती है, तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। योग समिति के अध्यक्ष संजय महोबिया ने कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है। जब हम राष्ट्र के लिए सोचेंगे, तभी भारत विश्व मंच पर ऊंचा स्थान प्राप्त करेगा। जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष सज्जाक खान ने कहा कि पुलिस प्रशासन सदैव हमारी सुरक्षा में तत्पर रहता है। नागरिकों का भी दायित्व है कि वे प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर नए भारत के निर्माण में भागीदार बनें। रन फार यूनिटी के लिए आज शासकीय अधिकारी प्रेस क्लब के सदस्य और योगा समिति के सदस्य फुटबॉल क्लब के खिलाड़ियों ने अपनी उपस्थिति प्रदान किया। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी अविनाश सिंह ठाकुर, थाना प्रभारी शक्ति सिंह, वरिष्ठ पत्रकार सज्जाक खान, योग समिति अध्यक्ष संजय महोबिया, अशोक चंद्राकर, यशवंत जंघेल, मोहन जंघेल, सूरज यादव, अफसर खान स्पोर्ट्स क्लब के सदस्य, पुलिस स्टाफ तथा नगर के युवा बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# अवैध रूप से शराब बिक्री करने का आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 30 अक्टूबर को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अपने पास शराब रखा है तथा बिक्री कर रहा है, जिस पर थाना डोंगरगांव की टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताए व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया।

#### मोपेड व शराब जब्त

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम लोकनाथ बेलदार होना बताया। शराब रखने एवं बिक्री करने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर आरोपी द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था, जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी लोकनाथ बेलदार 18 साल निवासी आरी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से 40 पौवा शोले देशी शराब कीमती 3200 रुपए एवं होंडा एक्टिवा स्कूटी को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई किया गया।

# कलेक्टर अचानक पहुंचे तहसील कार्यालय घुमका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने गुरुवार को बिना सूचना दिए अचानक घुमका तहसील कार्यालय पहुंचे। कलेक्टर यादव ने राजस्व प्रकरणों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने तहसील कार्यालय में आए किसानों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों से उनके आवेदन पर जल्द कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके साथ ही किसानों से तहसील कार्यालय में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में प्रतिक्रिया भी ली।

उन्होंने कहा कि तहसील कार्यालय आने वाले नागरिकों एवं किसानों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि 15 नवंबर से धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से धान खरीदी की जाएगी। इससे संबंधित किसानों के समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों एवं नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए तहसील कार्यालय में एक हेल्प डेस्क लगाने के निर्देश तहसीलदार को दिए। जिससे किसानों एवं नागरिकों की समस्याओं का मॉनिटरिंग किया जा सके। उन्होंने ग्रामीणों से पटवारियों के कार्यों के संबंध में प्रतिक्रिया ली। उन्होंने पटवारियों को अपने हल्का से संबंधित समस्याओं का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार मुकेश ठाकुर, जनपद सीईओ मनीष साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



#### परीक्षा परिणामों की तैयारियों को लेकर जाहिर की नाराजगी

कलेक्टर यादव ने शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल सलोनी का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने आगामी परीक्षा परिणामों की तैयारियों को लेकर गहरी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने इस शिक्षण सत्र में स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कक्षा 10वीं के अंग्रेजी एवं गणित विषय की कक्षाओं में विद्यार्थियों के साथ बैठकर शिक्षा गुणवत्ता को जांचा। उन्होंने अंग्रेजी विषय के शिक्षण कार्य पर असंतोष व्यक्त की। उन्होंने कक्षा 10वीं के बच्चों को अंग्रेजी विषय पढ़ने का सरल तरीका बताया। स्कूल के पिछले वर्ष कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम अच्छे नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने आगामी परीक्षा परिणाम में प्रगति लाने साप्ताहिक एवं मासिक टेस्ट की अच्छे से समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल में बंद प्रोजेक्टर को शीघ्र ठीक कर बच्चों के अध्ययन-अध्यापन कार्य में उपयोग करने के लिए प्राचार्य को निर्देश दिए।

# मुख्यालय को ठेंगा दिखा रहे पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

- गंडई में कई महीनों से चल रहा अधिकारी ऑन लीव का खेल, विकास कार्य बाधित

लोक निर्माण विभाग में शासकीय नियमों की किस कदर अनदेखी की जा रही है, इसका जीता-जागता उदाहरण गंडई मुख्यालय में देखने को मिल रहा है। लोक निर्माण विभाग के दोनों महत्वपूर्ण इंजीनियर अपने नियत मुख्यालय में नहीं रहते हुए अन्यत्र स्थानों से आना-जाना कर रहे हैं, जिसके कारण क्षेत्र में चलने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों की निगरानी और गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठ खड़े हुए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह लापरवाही कई महीनों से चली आ रही है। गंडई मुख्यालय में पदस्थ इंजीनियर राधेश्याम वर्मा छुईखदान से आना-जाना करते हैं, जबकि साल्हेवारा में पदस्थ इंजीनियर रामकुमार बांधे अभी भी गंडई मुख्यालय में ही अपना बसेरा बनाए हुए हैं, जहां से उनका तबादला हो चुका है। स्थिति यह है कि साल्हेवारा में पदस्थ होने के बावजूद इंजीनियर रामकुमार बांधे ने गंडई मुख्यालय नहीं छोड़ा है और गंडई में पदस्थ हुए इंजीनियर राधेश्याम वर्मा ने भी गंडई में रहना ज़रूरी नहीं समझा और वे छुईखदान से ड्यूटी कर रहे हैं। इस प्रकार, दोनों ही इंजीनियर अपने वास्तविक मुख्यालय में नहीं रह रहे हैं, जिससे न केवल शासकीय नियम टूट रहे हैं, बल्कि कार्यों में निरंतर बाधा उत्पन्न हो रही है और समय पर सही कार्य नहीं हो पा रहा है।




#### जारी करें आदेश

स्थानीय निवासियों और जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि उच्च अधिकारी इस मामले का संज्ञान लें और तत्काल प्रभाव से दोनों इंजीनियरों को उनके नियत मुख्यालय पर उपस्थित रहने का आदेश जारी करें, ताकि गंडई क्षेत्र के विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सकें। इस मामले पर लोक निर्माण विभाग के एसडीओ रितेंद्र गजपाल से मोबाइल पर कई बार सम्पर्क किया गया, परंन्तु उनके द्वारा काल रिसीव नही किया गया।

#### अधिकारी मौन, मिलीभगत के संकेत

आश्चर्य की बात यह है कि लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, एसडीओ को बीते कई महीनों से इंजीनियरों के मुख्यालय में अनुपस्थित रहने की पूरी जानकारी है। सूत्रों का कहना है कि एसडीओ द्वारा इस गंभीर लापरवाही पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं करना, विभाग के अंदर गहरी मिलीभगत की ओर स्पष्ट इशारा करता है। नियम-कायदों को दरकिनार कर चल रहे इस अधिकारी ऑन लीव के खेल के कारण लोक निर्माण विभाग के कार्यों में निरंतर लापरवाही बरती जा रही है, जिसका सीधा खामियाजा क्षेत्र के विकास कार्यों को भुगतना पड़ रहा है।

# प्रदेशभर से पहुंचे पेंशनर, चार्ज लेने के मामले में आपसी खींचतान

**राजनांदगांव।** पेंशनर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के चुनाव बाद पूर्व अध्यक्ष और नवनिर्वाचित संगठन पदाधिकारी के मध्य विवाद की स्थिति निर्मित दिखाई दे रही है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष द्वारा वर्तमान निर्वाचित अध्यक्ष को चार्ज नहीं दिए जाने के मामले से आज प्रदेशभर से पेंशनर पदाधिकारी प्यारेलाल स्कूल स्थित छत्तीसगढ़ पेंशनर कार्यालय पहुंचे।

शहर के प्यारेलाल स्कूल मैदान में संचालित पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्यालय में नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष यशवंत देवांगन मंगलवार को चार्ज लेने पहुंचे, लेकिन इस दौरान पेंशनर भवन में ताला लटका हुआ था। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ का चुनाव विगत माह संपन्न हुआ है। जिसमें प्रदेशभर के पेंशनरों ने मतदान कर उन्हें प्रांताध्यक्ष निर्वाचित किया है। वहीं पूर्व अध्यक्ष डॉ. केएल टांडेकर इस चुनाव में प्रत्याशी थे, जो हार गए। उन्होंने कहा कि चुनाव संपन्न होने के बाद 15 सितंबर तक विधिवत चार्ज लेने के लिए पूर्व अध्यक्ष को पत्र लिखा गया था, लेकिन उन्होंने उसे पत्र का अब तक जवाब नहीं दिया है। वहीं इसके 15 दिन बाद फिर से एक रजिस्टर्ड नोटिस दिया गया कि 28 तारीख को पेंशनर भवन राजनांदगांव में भवन और पुराने कागज सौंपने को लेकर पदाधिकारी पहुंच रहे हैं, लेकिन जब आज चार्ज लेने पहुंचे तो यहां ताला लगा हुआ था। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर से लोग पहुंच गए, लेकिन पूर्व अध्यक्ष जो स्थानीय है वह नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि भवन का ताला तोड़ने के लिए कलेक्टर और एसपी से मिलकर स्थानीय थाना में भी सूचित किया जा रहा है।

# सीसी रोड का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत जामगांव में शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ने सीसी रोड का भूमि पूजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में आधार भूत कार्यों का विकास कराना सरकार का लक्ष्य है।

उन्होंने शासन की कल्याणकारी योजनाओं को बताकर लोगों को लाभ लेने प्रेरित किया। मौसम खराब होने एवं माहू रोग से नष्ट हुए धान के फसल का आर्थिक सहयोग दिलाने अधिकारियों से चर्चा किया।



ग्राम रेंगाखार में भाजपा कार्यकर्ताओ से मुलाकात कर विकास को जाना। कार्यक्रम में निजाम सिंह मंडावी, परासर ठाकरे, प्रहलाद मरकाम, अनुज साहू, खेमू पांचे, सुरीत यादव, थनवार पटेल आदि उपस्थित थे।

# सीईओ ने की योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला अधिकारी, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रगति की गहन समीक्षा की।

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने फसल चक्र परिवर्तन, जल संरक्षण, ग्रीष्मकालीन धान की फसल में रोक लगाने के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने ग्राम पंचायतों में नियमित रूप से संगोष्ठी का आयोजन कर कृषकों को धान के बदले कम पानी की फसलों के संबंध में जानकारी देने कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लाभ के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी देने कहा तथा समर्थ पोर्टल एवं संपदा पोर्टल के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए।



बैठक में मुख्यमंत्री समग्र गामीण विकास योजना, महतारी सदन, परकोलेशन टेंक सहित अन्य निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा अप्रारंभ एवं अपूर्ण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए गए।

#### कार्यों को शीघ्र करें पूर्ण

जिपं सीईओ सुरूचि सिंह ने स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण अंतर्गत संचालित सभी प्रगतिरत कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने तथा कार्यों का जियो टैग कर एमआईएस में एंट्री करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी ग्रामों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण अनिवार्य रूप से करने तथा यूजर चार्ट लेने कहा। उन्होंने 19 नवंबर तक आयोजित स्वच्छ संकल्प अभियान के सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पशु चिकित्सा विभाग द्वारा जनपद पंचायतों को अधोसंरचना निर्माण के लिए उपलब्ध कराई गई राशि से शीघ्र कार्य प्रारंभ करने निर्देशित किया। उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की विकासखंडवार समीक्षा की और कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों में वांछित प्रगति नहीं आने पर संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी।


वर्धमान
ज्वेलर्स
सोने व चांदी के निर्माता एवं विक्रेता।
सोने, चांदी के सिक्के, बर्तन, पूजा का सामान और
कार्पोरेट गिफ्ट के ढ़ेरों विकल्प
कृपया पधारकर सेवा का
मौका अवश्य देवें।
YUG
GIA Gemological Institute of America
अरिहंत, कवर्धा 83057-25255
गोलबाजार, खैरागढ़ (छ.ग.) संभव लुनिया 88897-60000, वैभव लुनिया 96910-99977


श्री राधे
श्री राधे
जल्दी आयें... जल्दी पायें...
जल्दी आयें... जल्दी पायें...
आपके शहर खैरागढ़ जिला में
नया आवासीय कॉलोनी
प्राकृतिक वातावरण के बीच आपके मन को आनंदित करने वाला
मैरिज गार्डन, क्लब हाऊस, जीम, बैडमिंटन कोर्ट, कार पार्किंग, सुपर बाजार,
स्विमिंग पूल, 24 घंटे सिक्यूरिटी गार्ड की सुविधा सी.सी.टी.वी. कैमरा से निगरानी, मंदिर
श्रीजी विहार
फेस-2
प्री. बुकिंग चालु
chandu flex kgh
ग्राम तथा नगर निवेश नगर पालिका एवं रेरा से डायवर्टेड अनुमति प्राप्त कॉलोनी
प्लाट बुकिंग प्रारंभ
रोड, नाली, बिजली,
पानी की व्यवस्था के साथ
मो.- 7746058677
श्रीजी विहार कॉलोनी
प्रो.- श्रीमती प्रतिभा राजेश कुमार मिश्रा
सरस्वती शिशु मंदिर के सामने, खैरागढ़ छुईखदान मार्ग लाराबंध खैरागढ़


ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!™
JOHN DEERE
छत्तीसगढ़ के किसान भाईयों को
छत्तीसगढ़ राज्य के 25वें स्थापना दिवस
एवं तुलसी विवाह की अनंत शुभकामनाएं...
"क्वालिटी बोले तो बात बने, दाम नहीं पहचान बने!"
नया PowerTech
5310 57 HP 42kW
GearPro™ 12 F+4R
सबसे आसान फाइनेंस के साथ!
GearPro™ विस्तृत गती श्रेणी
उच्च बैंक अप टॉर्क
LiftPro अधिक लिफ्ट क्षमता
जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध
वंदना ट्राली के अधिकृत विक्रेता
अधिकृत विक्रेता
जैन मोटर्स
सभी कंपनीयों के पुराने ट्रेक्टर उपलब्ध।
स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच - रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर बाजू में, राजनांदगांव- 9827953976
अंबागढ़ चौकी- 8103024569 | मानपुर - 8959179777 | चिचोला | गण्डई
संपर्क-9977184777, 8120006476, 9406011166 | सर्विस- 8120006480, 8120001601

**समस्या:** बारिश में बर्बाद हुई धान की फसल लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे चीमागोंदी के किसान

# मौसम की मार से कराह रहे जिले के किसानों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले में बीते करीब एक हप्ते से हो रही हल्की-तेज बेमौसम बारिश ने किसानो की कमर तोड़कर रख दी है। किसानों की माने तो उन्हें इस बेमौसम बारिश से भारी नुकसान उठाना पड़ता है। बेमौसम बारिश के चलते मुख्य रूप से धान, सोयाबीन के साथ अरहर की फसल को नुकसान पहुंचा है और कई किसानो की लगभग पूरी की पूरी फसल बर्बाद हो चुकी है।

मौसम की मार के चलते अपनी धान सहित अन्य फसलों को गवां चुके जिले के ग्राम चीमागोंदी के ऐसे ही दर्जनो किसान शुक्रवार को बारिश के पानी में पूरी तरह से खराब हो चुकी अपनी धान की फसल को लेकर जिला कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी आपबीति बताते हुए फसल का मौका मुआयाना कराकर उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। इस संबंध में पीड़ित किसानो ने बताया कि हाल के दिनो में हुई बैमासम बारिश से खेतों में पकी पकाई और कटी कटाई धान की फसल पूरी तरह से खराब हो चुकी है। जिसे अब वे न तो समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केन्द्रों में बेंच सकते हैं और न ही खुले बाजार में इसका कोई मूल्य रह गया है। ऐसे में किसानो ने कलेक्टर से मांग की है कि वे तत्काल प्रभावित किसानो की फसल का मौका मुआयाना कराकर उन्हें उचित मुआवजा दिलाएं। वहीं किसानो ने बताया कि धान के अलावा बेमौसम बारिश से अरहर की फसल भी बुरी तरह से प्रभावित हुई जिसका सीधा असर आने वाले समय उत्पादन पर पड़ेंगा। किसानो ने बताया कि वे सोयाबीन की फसल पहले ही गवां चुके हैं ऐसे में अगर शासन-प्रशासन ने किसानो की सुध नहीं ली तो किसान कहीं के नही रहेंगे। उन्होने सरकार से मुआवजा की मांग की है।



### किसानो को झेलनी पड़ रही है चौतरफा मार

यहां बताना लाजिमी होगा कि इन दिनो जिले के किसानो को चौतरफा मार झेलनी पड़ रही है। एक तरफ जहां जिले के किसान प्रदेश सरकार की नई धान खरीदी नीति के चलते अपने रकबा का पंजीयन कराने भटक रहे हैं तो दूसरी तरफ बेमौसम बारिश उन्हें बर्बाद करने में अमादा दिखाई दे रही है। पीड़ित किसानो ने बताया कि वे अपने धान के रकबे का पंजीयन कराने भटक रहे हैं। लेकिन उनका पंजीयन नहीं पा रहा है। लगातार अधिकारियों के चक्कर काट रहे है लेकिन अधिकारी भी कोई संतोषजन जवाब नहीं दे पा रहे हैं। दूसरी तरफ बेमौसम बारिश ने उनके सामने और भी गंभीर समस्या खड़ी कर दी है। अब उन्हें इस बात की चिंता सता रही है कि बेमौसम बारिश में भीग चुके उनके धान को कौन खरीदेगा। हालांकि शासन ने किसानो की पंजीयन संबंध समस्या को देखते हुए और उन्हें राहत देने डिजिटल क्रॉप सर्वे और गिरदावरी में त्रुटि सुधार की सीमा 30 नवंबर तक बढ़ा दी है।



# ग्राम बसनी में सालभर पूर्व गाड़े गए विद्युत पोल हो गए जमीदोज

## टल गया बड़ा हादसा, लापरवाही का आरोप

- ग्रामीणों ने की मामले की जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

जिले की खस्ताहाल और चरमराई विद्युत व्यवस्था के बीच शुक्रवार की सुबह जिले के विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम बसनी बस्ती के अंदर आने जाने वाले मुख्य मार्ग में अचानक एक नहीं बल्कि दो विद्युत पोल जमीदोज हो गए। इसे गनीमत ही कहें की घटना वक्त मार्ग खाली था जिसके चलते कोई भी खम्बे और हाई वोल्टेज करंट प्रवाहित तार की चपेट में नहीं आया। घटना के बाद ग्रामीणों ने इसकी जानकारी तत्काल विद्युत विभाग को दी और अब विभाग इसे दुरूस्त कराने में जुटा है। ग्रामीणों ने बताया कि इन विद्युत पोलों को विभाग के ठेकेदार द्वारा करीब साल भर पूर्व ही गाड़ा गया था। लेकिन इस कार्य में संबंधित विद्युत ठेकेदार और विभाग के अधिकारियों द्वारा खोर लापरवाही बरती गई थी जिसके कारण गाड़े गए विद्युत पोल सालभर में ही जमीदोज हो गए। ग्रामीणों के मुतातबक विद्युत विभाग द्वारा सीधे तौर पर ठेकेदारों के माध्यम से विद्युत पोल गाडऩे का ठेका दिया जाता है। लेकिन कोई भी विभागीय अधिकारी कार्य स्थल में देखने नहीं जाता की ठेकेदार द्वारा किस स्तर का काम किया जा रहा है। ग्राम बसनी में जब विद्युत पोल ठेकेदार द्वारा लगाए जा रहे थे तो कोई भी विभागीय अधिकारी निरीक्षण करने नहीं पहुंचा था। नतीजतन ठेकेदार द्वारा मनमाने और काम चलाऊ ढंग से विद्युत पोल गाड़ दिए गए। जिसका खामियाजा आज ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने ठेकेदार और विभाग के अधिकारियों की इस घोरलापरवाही पर गहरी नाराजगी तथा असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक जीवलेवा दुर्घटना थी इसे गनीमत ही कहें की कोई जनहानि नहीं हुई। उन्होने शासन-प्रशासन से इस तरह की लापरवाही की जिम्मेदारी तय करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ

**कवर्धा।** राष्ट्रीय एकता दिवस पर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज सुबह 10.30 बजे कलेक्टोरेट में अपर कलेक्टर विनय पोयाम, नरेन्द्र पैकरा सहित अधिकारी, कर्मचारियों को शपथ दिलाई। इस दौरान राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने स्वयं को समर्पित करने और देशवासियां के बीच यह संदेश फैलाने का प्रयत्न करने की शपथ ली गई। शपथ में यह भी कहा गया कि यह शपथ देश की एकता की भावना से ले रहे हैं, जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। साथ ही अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प लिया गया। इस अवसर पर अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान जिले के सभी शासकीय कार्योलयों में राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा की शपथ ली गई।

### मॉडल का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन

**कवर्धा।** स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा में जोन स्तरीय मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कबीरधाम जिला एवं बेमेतरा जिला के प्रतिभागियों ने विभिन्न विधाओं में विज्ञान प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला अंतर्गत प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया गया। इस प्रतियोगिता में पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय, उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय कवर्धा के प्रोजेक्ट का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। अशोक कुमार गुप्ता व्याख्याता के मार्गदर्शन में तैयार गणित विधा में कृष कुमार कौशले ने प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कृषि विधा में वीरेंद्र कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# बूथ लेवल अधिकारियों को दिया गया विशेष गहन पुनरीक्षण प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रक्रिया निरंतर जारी है, जिसे आगामी 07 फरवरी 2026 तक पूर्ण किया जाना है। इसी क्रम में आज सहसपुर लोहारा में बूथ लेवल अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के निर्देशन तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र पैकरा की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बूथ लेवल अधिकारियों को पुनरीक्षण की विस्तृत प्रक्रिया से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में पात्र और अपात्र मतदाताओं की पहचान, फॉर्म भरने की विधि, तथा मैदानी कार्य के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि पुनरीक्षण के दौरान प्रत्येक बूथ स्तर पर मतदाता सूची का सूक्ष्म परीक्षण किया जाएगा। इसमें नए मतदाताओं के नाम जोड़े जाएंगे तथा मृत, स्थानांतरित या अपात्र मतदाताओं के नाम हटाए जाएंगे, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची शुद्ध और अद्यतन रह सके। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान पते का मानकीकरण, अनुपस्थित मतदाताओं के घर सूचना चस्पा करना, फॉर्म एवं दस्तावेजों का ऑनलाइन अपलोड, गणना पत्रक का संधारण, घोषणाओं से संबंधित दस्तावेजों की सांकेतिक सूची, तथा फॉर्म 9 से 11बी तक के प्रकाशन और निष्पादन जैसी प्रक्रियाओं का पालन किया जाएगा। इसके साथ ही राजनीतिक दलों के साथ सहभागिता, प्रारूप नामावली का प्रकाशन, तथा दावा-आपत्ति अवधि के दौरान की जाने वाली कार्यवाही के विषय में भी विस्तार से समझाया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान जिले में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल और सोशल मीडिया माध्यमों से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पैकरा ने कहा कि "निर्वाचक नामावली की शुद्धता ही निष्पक्ष एवं विश्वसनीय चुनाव की आधारशिला है। प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी को अपने क्षेत्र की मतदाता सूची को त्रुटिरहित और अद्यतन बनाए रखने की जिम्मेदारी निभानी होगी। इस अवसर पर तहसीलदार डॉ विवेक गोहिया, नायब तहसील हुलेश्वर पटेल सहित बड़ी संख्या में बूथ लेवल अधिकारी एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।



## प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 6 नवम्बर को

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो निजी क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कबीरधाम द्वारा 06 नवम्बर 2025, दिन गुरुवार को कार्यालय परिसर में प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने के इच्छुक अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेजों के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में उपस्थित हो सकते हैं।

# स. लोहारा महाविद्यालय में मनाई गई सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती




हरिभूमि न्यूज ▶▶स. लोहारा

शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में शुक्रवार को दोपहर 12.00 बजे सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वी जयंती के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस कायक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रीय एकता अखंडता और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस कार्यक्रम में एक भारत श्रेष्ठ भारत संबंधित विषय पर निबंध, भाषण, पोस्टर जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया साथ ही इस कार्यक्रम के माध्यम से देश की एकता और अखंडता की रक्षा करने की शपथ ली गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक संदीप कुमार सोनकर, दीपक पटेल, गिरधारी वर्मा, डॉ. ज्योति चंद्रवंशी, सुश्री अंजू महोबिया, सुश्री काजल साहू, विवेक चौहान एवं समस्त सहायक प्राध्यापक तथा छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# भारतीय किसान संघ ने मनाई गौपष्टमी तथा कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भारतीय किसान संघ जिला कबीरधाम द्वारा गौपष्टमी और दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग (कार्यकर्ता प्रशिक्षण) गत 30 से 31 अक्टूबर तक आयोजित किया गया। संघ द्वारा अभ्यास वर्ग के प्रथम सत्र में गौपष्टामी पर्व श्रद्धापूर्वक धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम गौमाता की पूजा अर्चना कर गौग्रास खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. विशाल चंद्राकर ने उपस्थित जनो को गौपूजन एवं गौपालन करने का महत्व बताया साथ ही उन्होने सभी की सुख, समृद्धि की कामना की। दूसरे सत्र में अखिल भारतीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए कहा की भारतीय किसान संघ देश का एक मात्र राष्ट्रीय विचारधारा वाला अनुशासित पारिवारिक संगठन जो की देशवासियों के बारे में सोचता है। उन्होंने कहा हमे देश के 70 सत्तर करोड़ किसानों की समस्या की चिंता करना है और सभी देशवासियों विषमुक्त अनाज कैसे मिले इसकी भी चिंतन करना है साथ ही उन्होने किसानों को हार्बीसाइड (बन्नासक) दवाइयां से होने वाली दुष्परिणामकी जानकारी दी। उन्होने किसानो को जागृत करते हुए कहा कि देश के किसानों को अपना अधिकार पता होना चाहिए जिस दिन किसानों में एकजूटना हो जायेगी उस दिन गांव का किसान जो तय कर दे सरकार को सुनना पड़ेगा और किसान के हित में योजनाएं बनाकर क्रियान्वयन भी करना पड़ेगा, इसलिए सभी को संगठित होना जरूरी है। संगठन मंत्री मनीष शर्मा ने सभी किसानो से संगठन में जुडऩे और सक्रिय रूप से कार्य करने को कहा। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद प्रांत प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा, प्रांत महिला प्रमुख अदिति कश्यप, संजय साहू, नंदकुमार, जिलाध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी, जिला महामंती जीवन यादव सहित बड़ी संख्या में जिले के किसान उपस्थित थे।



# सेवानिवृत्ति के दिन ही पेंशन प्रधान पाठक को आर्डर किया गया प्रदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ स. लोहारा

विकासखंड सहसपुर लोहारा के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार साहू के प्रयास एवं जिला शिक्षा अधिकारी कबीरधाम एफआर वर्मा के मार्गदर्शन में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला टाटीकसा के प्रधान पाठक तीरथ राम साहू को 31 अक्टूबर 2025 को सेवानिवृत्ति के दिन ही उनको उनका पेंशन आर्डर प्रदान किया गया जो की सरकार के तत्काल पेंशन राशि के नियम पर त्वरित रूप से कार्रवाई करते हुए किया गया। विभाग की इस सक्रियता और पहल से सेवानिवृत प्रधान पाठक एवं परिवार के साथ-साथ शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी में खुशी व्याप्त है। गौरतलब है कि पेंशन अगर समय पर न मिले तो शिक्षक एवं परिवार को कष्ट का सामना करना पड़ता था। विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार साहू ने बताया कि आगामी समय में भी इसी प्रकार त्वरित रूप से पेंशन प्रकरण एवं अन्य प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। जिससे शिक्षा विभाग में हर कार्य अभिलंब हो सके इस कार्य को करने में सहायक ग्रेड 2 गेहेश चंद्रवंशी जी का भी सहयोग रहा।

**जिलाधीश, पुलिस अधीक्षक सहित वरिष्ठ अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने लगाई दौड़**

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर सद्भावना दौड़ का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

31 अक्टूबर 2025 राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आज जिला कबीरधाम में सद्भावना दौड़ का सफल एवं भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधीश गोपाल वर्मा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर से सद्भावना दौड़ को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि संतोष पटेल, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय आशीष शुक्ला, उप पुलिस अधीक्षक अजाक प्रतीक चतुर्वेदी, रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह, रक्षित निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, शहरवासी तथा स्वामी विवेकानंद अकादमी में प्रशिक्षणरत युवक-युवतियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज की। सद्भावना दौड़ शहर के प्रमुख मार्गों एवं प्रमुख चौक-चौराहों से होते हुए पुनः पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर संपन्न हुई। प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सौहार्द एवं आपसी भाईचारा को सशक्त संदेश देते हुए उत्कृष्ट अनुशासन एवं जोश का प्रदर्शन किया। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस हमें राष्ट्र की अखंडता, सुरक्षा एवं सामूहिक एकजुटता के मूल्यों को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देता है। पुलिस विभाग सदैव समाज में समरसता, सुरक्षा एवं शांति के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है।



# ब्लॉक बैठक में नवाचार के लिए छिरहा प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

स्थानीय रानी दुर्गावती चौक स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में आयोजित ब्लॉक स्तरीय बैठक में शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा आयोजित इस बैठक में ब्लॉक के सभी प्रधान पाठक, समन्वयक और प्राचार्य उपस्थित थे। डॉ. चन्द्रवंशी को यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में सतत नवाचार करने के लिए दिया गया। वह राज्यपाल के हाथों एकसाथ दो शिक्षक पुरस्कार पाने वाले प्रदेश के पहले शिक्षक हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने दूसरी बार गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराकर कवर्धा ब्लॉक को गौरवान्वित किया है। बीईओ संजय दुबे ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि डॉ. चन्द्रवंशी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं, जिसके लिए उन्हें पूर्व में भी कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं।

**बैठक:** उज्ज्वला योजना 3.0 निर्धारित मापदंडों का पालन करते हुए पात्र परिवारों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें: गोपाल वर्मा

# कलेक्टर ने समय-सीमा में लक्ष्य पूर्ति के लिए दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

शुक्रवार को कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के क्रियान्वयन के लिए खाद्य विभाग के अधिकारियों एवं जिले की सभी 12 गैस एजेंसी संचालकों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि उज्ज्वला योजना शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण जन-कल्याणकारी योजना है, जिसका उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को स्वच्छ ईंधन की सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि सभी एजेंसी संचालक निर्धारित मापदंडों का पालन करते हुए पात्र परिवारों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए कि आगामी निर्धारित अवधि में लक्ष्यानुसार कार्य पूर्ण किया जाए, ताकि जिले के सभी पात्र हितग्राही समय पर योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। बैठक में खाद्य अधिकारी सचिन मरकाम, एएफओं अनिल वर्मा, मदन मोहन साहू, खाद्य निरीक्षक सहित एजेंसी संचालक उपस्थित थे। खाद्य अधिकारी सचिन मरकाम ने बैठक में जानकारी दी कि जिले को 9,145 नए उज्जवला कनेक्शन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए शासन द्वारा नए पात्रता मापदंड भी निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने समस्त गैस एजेंसी संचालकों को पात्रता के नए मापदण्ड की जानकारी देते हुए बताया कि उज्जवला योजना 3.0 के संबंध में ऐसे सभी व्यक्ति पात्रता होंगे। जो 10,000 रूपए प्रति माह से कम आय अर्जित करते हो, व्यावसायिक कर का भुगतान ना करते हो, आयकर का भुगतान ना करते हो, परिवार का कोई सदस्य शासकीय सेवा में ना हो, पंजीकृत गैर कृषि उद्यम वाला परिवार ना हो, 50,000 रूपए से अधिक की क्रेडिट सीमा वाला किसान क्रेडिट कार्ड धारित ना हो, एक सिंचाई उपकरण के साथ 2.5 एकड़ से अधिक सिंचित भूमि का स्वामी ना हो, दो या अधिक फसल मौसमों के लिए 5 एकड़ या इससे अधिक सिंचित भूमिस्वामी धारक ना हो, कम से कम एक सिंचाई उपकरण के साथ कम से कम 7.5 एकड़ या इससे अधिक भूमि का स्वामी ना हो, 3.0 वर्ग मीटर से अधिक कारपेट एरिया चटाई क्षेत्रफल वाले घर का स्वामी ना हो, किसी भी सरकारी योजना से प्राप्त घर को छोड़कर, मोटर चालित 3-4 पहिया वाहन, मछली पकड़ने वाली नाव का स्वामी ना हो, यंत्रीकृत 3-4 पहिया कृषि उपकरण का स्वामी ना हो, पूर्व से एलपीजी कनेक्शनधारी ना हो।

### जिले में 9,145 नए उज्जवला कनेक्शन का लक्ष्य



बैठक में आईओसीएल के डिस्ट्रिक को ऑर्डिनेटर पंकज क्षतीजा ने गैस एजेंसी संचालकों को आईओसीएल-बीपीसीएल-एचपीसीएल के नार्म के अनुसार एसओपी के पालन सुनिश्चित करने कहा। सहायक खाद्य अधिकारी श्रीमदन मोहन साहू ने उज्जवला कनेक्शन के लिए लिए जाने वाले आवश्यक दस्तावेज के विषय में जानकारी दी। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के अंतर्गत कवर्धा जिले को 9,145 नए एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने का लक्ष्य पात्रता के लिए नए मापदण्ड लागू किए गए। उन्होंने बताया कि यह कनेक्शन 18 वर्ष से अधिक महिला हितग्राही को जारी किया जाएगा। जिसके लिए ई-केवाईसी-एप्लीकेशन, पहचान प्रमाण पत्र, पता प्रमाण पत्र, राशनकार्ड, सभी व्यस्क सदस्यों के आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पहले से कोई कनेक्शन किसी भी सदस्य के नाम पर ना हो, वंचना घोषणा पत्र की आवश्यकता होगी।

# पुलिस विभाग कुण्डा ने रन फॉर यूनिटी एकता दौड़ का आयोजन किया गया

- पुलिस विभाग, जनप्रतिनिधि पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने लगाया एकता का दौड़।

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुण्डा



पुलिस विभाग कुण्डा द्वारा रन फॉर यूनिटी (एकता दौड़) का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस विभाग कुण्डा द्वारा आयोजित इस दौड़ का शुभारंभ थाना प्रभारी संतोष मिश्रा ने किया एवं स्वयं भी दौड़ में हिस्सा लेकर एकता और राष्ट्र का अखंडता का संदेश दिया। लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में कबीरधाम जिला एकता अखंडता और राष्ट्र गर्व का प्रतीक बनने जा रहा है 10 नवंबर को जिले में विशाल यूनिटी मार्च का भव्य आयोजन होगा।

भारत सरकार के निर्देशानुसार 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक चलने वाली देशव्यापी पद यात्रा श्रृंखला का हिस्सा होगा, इसी कड़ी में शुक्रवार को पुलिस विभाग कुण्डा द्वारा कुण्डा में प्रशासनिक रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया।

एकता दौड़ सूरज यादव के घर के सामने से शुरू होकर दुख निवारण गुरुद्वारा के समीप समाप्त हुई, दौड़ में शामिल प्रतिभागीयो ने एक भारत श्रेष्ठ भारत सरदार बल्लभ भाई पटेल अमर रहे जैसे देशभक्ति नारे लगाए, जिसमें लोगों में देश-प्रेम और एकता की भावना जागृत हुई। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी व पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामीण गण शामिल हुए सभी ने एकता और सामाजिक सौहार्द के संकल्प के साथ दौड़ पूरी की।

थाना प्रभारी संतोष मिश्रा ने कहा कि सरदार पटेल ने देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया था, उनकी जयंती हमें राष्ट्र की अखंडता और एकजुटता बनाए रखने की प्रेरणा देती है। उप सरपंच मुमताज अहमद ने लोगों से समाज में एकता भाई चारा और राष्ट्रीय समरसता को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाने की अपील की। कार्यक्रम में थाना प्रभारी संतोष मिश्रा, एसआई जयराम यादव, भोलाराम यादव, संतोष वर्मा, हिरेश सिंह, फागराम जुलाहे, संजय सिंह, सुमन दिवाकर, मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, प्रदेश विस्तारक संतोष चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा ध्वजाराम चंद्राकर, सरपंच हरेंद्र चंद्राकर, उपसरपंच मुमताज अहमद, पंचगण भूपेंद्र चंद्राकर, वागीश चंद्राकर, रमन खनूजा, रमेश सारथी, आनंद परवाना, गणेश सोलंकी, कृष्णा बंजारे, भागवत साहू, पन्ना साहू, लव साहू, सुरेश साहू, सूरज यादव, शिवकुमार चंद्राकर, अनुज चंद्राकर, रोहित मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि मनायाः अर्जुन तिवारी



**हरिभूमि कोलेगांव।** सशक्त, समृद्ध एवं ज्ञान-विज्ञान युक्त भारत निर्माण के प्रेरणा नारी शक्ति की मिशाल व देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री आयरन लेडी, भारतरत्न, अदम्य साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति और देशभक्ति से ओत-प्रोत स्व. इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि मनाया गया। जिस पर अर्जुन तिवारी ने बताया कि जीवन त्याग और बलिदान का प्रतीक, भारत देश की प्रथम और अब तक एकमात्र महिला प्रधानमंत्री साहस व सामर्थ्य का प्रतिनिधित्व करने वाली, शक्ति व स्वभिमान की प्रतिमूर्ति, संकल्प एवं सेवा की प्रतिमूर्ति, कुशल प्रशासक, कुशल नेतृत्वकर्ता, देश की सबसे सफल महिला प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि शहादत दिवस पर एक कृतज्ञ हिंदुस्तानी के रूप में अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# पांच दिवसीय राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ आज से

- अंडर-19 वर्ग के बालक-बालिका खिलाड़ी राज्य टीम चयन के लिए दिखाएगे दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा



छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ के बैनर तले अंडर-19 आयु वर्ग के बालक एवं बालिका वर्ग की राज्य स्तरीय पांच दिवसीय बैडमिंटन टीम चयन प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार से कवर्धा में होगा। यह प्रतियोगिता 1 से 5 नवम्बर तक स्थानीय इंडोर स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। जिला बैडमिंटन संघ के तत्वाधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में राज्य भर से प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगें। इस प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी 17 नवम्बर से गुवाहाटी (असम) में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा। इस प्रतियोगिता में 5 इवेंटबालक एकल, बालक युगल, बालिका एकल, बालिका युगल एवं मिश्रित युगल वर्गो में मुकाबले खेले जाएंगे। कुल 127 खिलाड़ी राज्य के विभिन्न जिलों से भाग ले रहे हैं। आयोजक समिति के अनुसार यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों को राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगी। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए जिले के खेल प्रेमियों में उत्साह देखा जा रहा है। प्रतियोगिता के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी डॉ सुदेश तिवारी सचिव कवर्धा बैडमिंटन एसोशिएशन से प्राप्त हुई।

# बे-मौसम बारिश ने किसानों की मेहनत पर फेरा पानी

## खेतों में खड़ी व रखी धान की फसल खराब होने की आशंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶|कोलेगांव

पिछले तीन-चार दिनों पहले मौसम मे हुई उथल पुथल से शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में अचानक लगातार मौसम खराब होने के चलते तथा बे मौसम बारिश के चलते किसान की चिंता बढ़ते नजर आ रहे हैं। कहीं खेत में सुखाने के लिए काट कर रखी गई धान की फसल भीग कर खराब होने की आशंका जताई जा रही है, तो कहीं खेतों में पानी भर जाने से खड़ी फसल नष्ट हो रही है। इसके साथ ही साथ साग-सब्जियों को भारी नुकसान पहुंचा है। किसानों की महीनों की मेहनत पर बे-मौसम बारिश ने पानी फेर दिया है। इससे ग्रामीण किसानों के चेहरे पर मायूसी व चिंता साफ झलक रही है। ग्रामीण किसानों से मिली जानकारी के अनुसार खेतों में कटी पड़ी धान की फसल भीगने पर अंकुरित हो सकती है। जो फसल खड़ी है उसे भी नुकसान पहुंचा है। शहर सहित अंचल मे हुई बे मौसम बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। बताया कि खेतों में खड़ी और कटी हुई धान की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। जिस पर ग्रामीण किसानों ने शासन प्रशासन व जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा बर्बाद धान फसल की मुआवजा की मांग की गई ताकि नुकसान हुई धान फसल की भरपाई हो सकें।

### धान के दाने खराब होने का सता रहा डर

मिली जानकारी के अनुसार सूखने के लिए खेतों में रखी धान की फसल बारिश से भीग चुकी है, इससे दाने खराब होने का डर है। साथ ही साथ खेतों में धान फसल पूरी तरह जमीन पर गिर चुका है जिससे धान फसल की कटाई में ग्रामीण किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग, दुर्ग (छ.ग.)

//सूचना//

मामले का विषय-अपील प्रकरण
मामला का क्रमांक- 32/अ-6/वर्ष 2023-24
पक्षकार- बेदन बाई वगैरह विरूद्ध संगीता बाई वगैरह
1 रामचरण पिता मोहपत यादव
2 दिनेश पिता सहदेव यादव
3 मैना पिता सहदेव यादव
निवासी- ग्राम बनिया तह. सहसपुर लोहारा जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

एतद द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी बेदन बाई बेवा रहबेद यादव निवासी ग्राम मानपुर तह सहसपुर लोहारा जिला कबीरधाम के द्वारा अधीनस्थ अनुविभागीय अधिकारी (रा) सहसपुर लोहारा के रा. प्र. क. 202304083300019 अ-6 वर्ष 2022-23 में पारित आदेश दिनांक 17.10.2023 के विरुद्ध छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा-44 (2) के तहत अपील प्रकरण प्रस्तुत किया गया है।

उपर्युक्त मामले की सुनवाई तिथि 04.12.2025 दिन गुरूवार को दोपहर 11.30 बजे स्थान-न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग दुर्ग में होगी।

अतः सुनवाई तिथि में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत सुनवाई तिथि में उपस्थित नहीं होने पर एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

जारी दिनांक 09.10.2025

मुहर

आयुक्त
दुर्ग संभाग, दुर्ग

## गौशाला लोहरा में हवन पूजन एवं तीन दिवसीय गौकथा संपन्न



**हरिभूमि कवर्धा।** सनातन संस्कृति की रक्षा एवं गौ माता के संरक्षण-संवर्धन के उद्देश्य से केशव गौशाला लोहरा (रोहरा) में गोपाष्टमी के पावन अवसर पर तीन दिवसीय हवन पूजन एवं गौकथा का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 28 से 30 अक्टूबर तक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पं.ओमप्रकाश ठाकुर के द्वारा प्रवचन एवं भजन-संकीर्तन प्रस्तुत किए गए। साथ ही सत्यदत्त शास्त्री ग्राम-केशवपुर के सानिध्य में भक्तिमय कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ। प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक हवन पूजन तथा दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक भजन-संगीत और शाम 6 बजे से आरती एवं रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिस पर नरेश साहू ने बताया कि हमारी संस्कृति की आधारशिला हैं गौ माता है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी दिशा समिति सदस्य एवं ग्राम अटरिया के सरपंच नरेश साहू विशेष रूप से शामिल हुए और उन्होंने गौसेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गौ माता हमारी संस्कृति की आधारशिला हैं और उनका संरक्षण मानवता का सर्वोच्च धर्म है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति और श्रद्धा से वातावरण को मंगलमय बना दिया।

## मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए जन-जागरूकता आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

वर्षा के दौरान वातावरण में अधिक नमी, जलभराव और गर्मी के कारण मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ जाती है। मच्छर कई संक्रामक बीमारियों के वाहक होते हैं, जो मानव स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालते हैं। इनमें मुख्यतः मलेरिया, डेंगू, चिकुनगुनिया, फाइलेरिया और जापानी एंसेफेलाइटिस जैसी बीमारियां शामिल हैं, जो कभी-कभी जानलेवा भी साबित होती हैं। इन रोगों से बचाव के लिए जनसामान्य में इनके लक्षण, कारण, इलाज और रोकथाम के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। मलेरिया एक परजीवी जनित रोग है जो संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। इसके लक्षणों में तेज बुखार, ठंड लगना, सिरदर्दए मांसपेशियों में दर्द और कमजोरी प्रमुख हैं।

# पुलिस सदैव सेवा में रहती है तत्परः मोनिका परिहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

स्थानीय विद्यालय श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा में शुक्रवार को 21 से 30 अक्टूबर पुलिस मित्र कार्यक्रम के अंतर्गत 17वीं बटालियन कवर्धा के तत्वाधान में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं कराई गई। जिसका थीम राष्ट्र निर्माण में पुलिस की भूमिका एवं योगदान था। उक्त कार्यक्रम में विशेष रूप से मोनिका सिंह परिहार असिंटेट कमांडेड 17वीं बटालियन उपस्थित थी। जिन्होने अपने वक्तव्य में पुलिस की भूमिका, वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती की भी बधाई दी। पुलिस मित्र कार्यक्रम एवं शोक बैंड पर विशेष रूप से प्रकाश डाला, साथ ही साथ उन्होंने भी आकाश राव गिरिपुंजे की शहादत की भी गाथा प्रकट की, उन्होंने बीते वर्ष में 16 पुलिस शहीदों के बलिदान एवं गौरव के बारे में बताया। उन्होने नवीन कानून एवं वर्तमान में सोशल मीडिया में हो रही अपराधों से किस तरह से हम सुरक्षित रह सकते है विषय पर भी सारगर्भित वक्तव्य दिया। प्रतियोगिताओं की बात की जाए तो पुलिस व सेना के जवानों के त्याग, बलिदान, शौर्य, साहस एवं पराक्रम का इस विद्यालय के संगीत के छात्र छात्राओं ने प्रकट किया, तो वहीं थीम आधारित भाषण एवं कविता वाचन का भी कार्यक्रम हुआ, जिसमें 15 से अधिक बच्चों ने प्रस्तुति प्रदान की। विद्यालय का वातावरण उस समय गमगीन हो गया, जब लघु नाटिका एवं डॉस के माध्यम से पुलिस व नक्सलियों के मुठभेड को मंच पर प्रस्तुत किया गया। वहीं पूरे विद्यालय प्रांगण में बच्चों के द्वारा रंगोली एवं चित्रकला भी सजाए गए। इस संस्था के बच्चों के द्वारा बटालियन में प्रत्यक्ष रूप से प्रस्तुति दी गई थी। कार्यक्रम के संबंध में प्राचार्या एम शारदा ने कहा कि पुलिस सदैव हमारी सेवा में तत्पर रहती है, इनके महत्व से हम सभी को अवगत होना चाहिए, वहीं डायरेक्टर डॉ. आदित्य चंद्रवंशी ने उक्त कार्यक्रम हेतु 17वी बटालियन एवं डीएसपी का आभार व्यक्त किया।




**देश की एकता और अखंडता के लिए लिया गया संकल्प**

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती का भव्य आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर भाजपा द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश नेतृत्व के आह्वान और भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देश पर सुबह 10:30 बजे जिला भाजपा कार्यालय विवेकानंद भवन कवर्धा में माल्यार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने सरदार पटेल के जीवन, उनके संगठन कौशल और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद करते हुए उन्हें सच्चे अर्थो में भारत की एकता का शिल्पकार बताया। माल्यार्पण कार्यक्रम के उपरांत रन फॉर यूनिटी के रूप में एकता मार्च निकाला गया, जो भाजपा जिला कार्यालय से प्रारंभ होकर नगर पालिका परिसर तक पहुंचा। नगर पालिका परिसर में स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, मोतीराम चंद्रवंशी, रामकुमार भट्ट, ईश्वरी साहू, अनिल ठाकुर, संतोष पटेल, रघुराज सिंह, नितेश अग्रवाल, देवकुमारी चंद्रवंशी, जसविंदर बग्गा, कैलाश चंद्रवंशी, रूपेश जैन, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, परेटन वर्मा, सुरेश दुबे व खिलेश्वर साहू उपस्थित थें। महिला मोर्चा से श्रीमती सुषमा गणपत बघेल, नीतू शर्मा, संतोषी जायसवाल, लता बैस ने कार्यक्रम में विशेष योगदान दिया। साथ ही युवा मोर्चा एवं मंडल के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मीडिया प्रभारी संजय मिश्रा और सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र शर्मा ने बताया कि यह आयोजन देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय एकजुटता का प्रतीक है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरदार पटेल के आदर्शों पर चलकर समाज में संगठन, सेवा और सद्भाव का संदेश फैलाने का संकल्प लिया।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130